(ख) क्या संस्कृत विज्ञान पर आधारित एक्सपर्ट सिस्टम जैसे आयुर्वेदिक एक्सपर्ट सिस्टम, ज्योतिष पर आधारित खनिज अन्वेषण और शैक्षिक निर्देशन, रोगों के निदान, शिल्प आदि के निर्यात की संभावनाएं हैं; और

(ग) सरकार इन निर्यातोन्मुखी विकास कार्यों के लिए कब तक एक समयबद्ध योजना शुरू करने का विचार रखती है;

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) और (ख) कम्प्यूटर संसाधन के लिए संस्कृत के प्रयोग पर अनुसंधान का कार्य देश के साथ-साथ विदेशों में भी किया जा रहा है।

संस्कृत विज्ञान पर आधारित विशेषज्ञता प्रणालियों जैसेकि आयुर्वेदिक विशेषज्ञता प्रणाली, ज्योतिष पर आधारित खनिज पदार्थों के अन्वेषण तथा अन्य विशेषज्ञता प्रणालियों जैसे कि शैक्षणिक मार्गदर्शन, रोगों का निदान, शिल्पकला आदि का निर्यात इस बात पर निर्भर करेगा कि विदेश में ऐसी प्रणालियों की मांग कितनी है ।

(ग) इस समय संस्कृत विज्ञान पर आधारित विशेषज्ञता प्रणालियों के निर्यात का कार्यक्रम आरम्भ करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

चुनावों की घोषणा के पश्चात् अधिकारियों का स्थानांतरण

£1693. **श्री राम सिंह राठवा** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1991 के चुनावों के दौरान चुनाव से संबंधित आचार संहिता लागू हो जाने के बाद भी कितने अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया;

(ख) इस प्रकार स्थानान्तरित किए गए अधिकारियों के नाम तथा पद क्या-क्या हैं तथा उनका किस-किस क्षेत्र से किस-किस क्षेत्र में स्थानान्तरण किया गया है; और

(ग) क्या सरकार ऐसे अधिकारियों द्वारा किये गए कार्यों की समीक्षा करने पर विचार कर रही है?

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती मारग्रेट आल्वा) : (क) और (ख) यह सूचना केन्द्रीकृत रूप से नहीं रखी जाती है।

(ग) आचरण संहिता में चुनावों से प्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए अधिकारियों के सिवाए प्रशासनिक कारणों से स्थानान्तरण किए जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध शामिल नहीं है। इसलिए सभी स्थानान्तरणों की आम पुनरीक्षा करना अपेक्षित नहीं है।

£पूर्वतः अतारांकित प्रश्न 1300, 11 सितम्बर, 1991 से स्थानान्तरित।

Curtailing of import of edible oils

££1693-F. SHRI R. T. GOPALAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether Government propose to curtail the import of edible oils in view of one bumper crop of oil seeds and to encourage the use of indigenous vantspati oils; and

(b) if so, the steps being taken by Government in this regard?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES AND PUBLIC DISTRIBUTION (SHR KAMALUDDIN AHMED): (a> and (b) The import of edible oil has been suspended by the Government since April, 1891.

£ £ Previously Unstarred Question 1702 transferred from the 13 September, 1991.